# सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई पूर्णत : स्वस्थ

## विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा-मजबूती के साथ देश का प्रबंधन संभाल रहे



**तेहरान, 15 मार्च. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देश के नवनियुक्त सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह पूरी तरह से ठीक हैं और देश का नेतृत्व कर रहे हैं.**

अराघची ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कि सर्वोच्च नेता पूर्णत: स्वस्थ हैं और पूरी मजबूती के साथ देश का प्रबंधन संभाल रहे हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब खामेनेई की नियुक्ति के एक सप्ताह बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से दिखाई न देने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके स्वास्थ्य और स्थिति को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। सीएनएन ने यह जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च नेता के रूप में नियुक्ति के बाद से खामेनेई को अभी तक न तो देखा गया है और न ही सुना गया है। उनका पहला संदेश भी सरकारी टेलीविजन पर एक समाचार वाचक द्वारा पढ़कर सुनाया गया था, जिसने संशय की स्थिति पैदा कर दी थी। हालांकि, ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, अराघची ने जोर देकर कहा कि ईरान की स्थिति वर्तमान में पूरी तरह स्थिर है और सरकार या सैन्य संस्थानों के भीतर किसी भी प्रकार की कोई दरार या मतभेद नहीं है.

### ट्रंप ने युद्धपोत भेजने का किया आग्रह

**नयी दिल्ली.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से प्रभावित सभी देशों से फारस की खाड़ी में अपने जहाज भेजने और सामूहिक प्रयास के अंतर्गत अमेरिका को इस रणनीतिक जलडमरूमध्य को खोलने में मदद करने का आग्रह किया है। श्री ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और उसकी सैन्य क्षमता को शत प्रतिशत खत्म कर दिया है. ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, हम भरपूर मदद करेंगे। अमेरिका उन देशों के साथ समन्वय भी करेगा ताकि सब कुछ जल्दी, सुचारू और अच्छी तरह से हो सके। यह हमेशा से एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए था और अब यह होगा. यह दुनिया को सद्भाव, सुरक्षा एवं शाश्वत शांति के लिए एकजुट करेगा.

## नक्सली स्मारकों को ढहाया गया भारी मात्रा में आईईडी बरामद

**कांकेर.** छत्तीसगढ में कांकेर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है. चल रहे अभियान के तहत हापाटोला और बिनगुण्डा के घने जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान जवानों ने नक्सलियों द्वारा बनाए गए चार स्मारकों को ध्वस्त कर दिया. ये स्मारक पूर्व में मारे गए नक्सलियों की याद में बनाए गए थे और इन्हें नक्सली प्रचार-प्रसार और रैली के लिए इस्तेमाल करते थे। कांकेर पुलिस से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार,तलाशी अभियान के दौरान ही जवानों ने इस इलाके में छुपाकर रखे गए विस्फोटकों का एक बड़ा जखीरा भी बरामद किया है.

# 7 मेडिकल कॉलेजों पर 1-1 करोड़ का जुर्माना

- कहा- निर्देशों का पालन नहीं किया
- मप्र के आरकेडीएफ पर भी लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, 15 मार्च. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ( एनएमसी ) ने निर्देशों का पालन न करने पर देश भर के सात मेडिकल कॉलेजों पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है.**

खबर के मुताबिक, यह जुर्माना एमबीबीएस इंटर्न और पोस्ट ग्रेजुएट रेजिडेंट को स्टाइपेंड देने और उनके बारे में जानकारी देने के कमीशन के निर्देशों का पालन न करने के लिए लगाया गया है. एनएमसी सचिव डॉ. राघव लंगर ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य बनाम मिस भावना तिवारी एवं अन्य (एसएलपी (सी) संख्या 9298/2018) और अभिषेक यादव एवं अन्य बनाम आर्मी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं अन्य (डब्ल्यूपीसी संख्या 730/2022) के मामलों में एनएमसी नियमों और अदालत के आदेशों के संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन के कारण सात मेडिकल कॉलेजों पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है. पिछले साल, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया था.

### इन सात मेडिकल कॉलेजों पर जुर्माना लगाया


- *कर्नाटक के देवनहल्ली में आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर*
- *झारखंड के दिघी में दुमका मेडिकल कॉलेज*
- *राजस्थान के बाड़मेर में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज*
- *आंध्र प्रदेश के ओंगोल में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (पहले राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के नाम से जाना जाता था)*
- *मध्य प्रदेश के भोपाल में आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर*
- *उत्तर प्रदेश के लखनऊ में प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस*
- *हरियाणा के रोहतक में पंडित बीडी शर्मा पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस*

### एक नजर में

#### सऊदी अरब से यात्रियों को निकालेगी एअर इंडिया

**नई दिल्ली.** पश्चिम एशिया युद्ध में तनाव के बीच रविवार को एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस इस क्षेत्र से आने-जाने वाली कुल 72 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ाने संचालित करने वाली हैं। दोनों एयरलाइंस जेद्दा और मस्कट के लिए अपनी-अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी, जिसमें भारत और जेद्दा के बीच कुल 8 उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइन ने बताया कि इनमें से एअर इंडिया दिल्ली और मुंबई से एक-एक वापसी सेवा संचालित करेगी, जबकि एअर इंडिया एक्सप्रेस बेंगलुरु और कोझिकोड से भी एक-एक उड़ान संचालित करेगी.

#### सरकारी कर्मचारियों की 30 फीसदी तक सैलरी कट



**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों और स्वायत्त संस्थानों के कर्मचारियों के वेतन में 5 से 30 प्रतिशत तक कटौती को मंजूरी दे दी. यह फैसला सरकार की व्यापक बचत योजना के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य खर्च कम करना और बचत बढ़ाना है. यह निर्णय उस समीक्षा बैठक में लिया गया, जिसमें सोमवार को घोषित बचत और बचत योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया.

# भारत आ रहे गैस टैंकरों को सुरक्षा

- फारस की खाड़ी के पास नौसेना के युद्धपोत तैनात

**तेहरान, 15 मार्च पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी के पास अपने कई युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार ये युद्धपोत भारत आने वाले व्यापारिक जहाजों को जरूरत पड़ने पर सहायता देने के लिए तैयार रखे गए हैं.**

एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाजों को इस क्षेत्र में इसलिए तैनात किया गया है, ताकि भारतीय व्यापारिक जहाजों और उनके चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसी बीच शनिवार को ईरानी अधिकारियों ने भारत की ओर जा रहे दो भारतीय झंडे वाले एलपीजी जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी थी। इनमें से एक जहाज शिवालिक है, जो जहाज निगरानी वेबसाइट के अनुसार फिलहाल ओमान के पास देखा गया था। इसके 21 मार्च तक अपने गंतव्य पर पहुंचने की संभावना है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने फारस की खाड़ी क्षेत्र की समुद्री स्थिति, भारतीय नाविकों और जहाजों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार फारस की खाड़ी में 24 भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर 668 भारतीय नाविक काम कर रहे हैं, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में तीन जहाजों पर 76 भारतीय नाविक मौजूद हैं.

# 15 से 19 मार्च तक बारिश का अलर्ट



- गर्मियों से राहत, अगले 4 दिन देश के कई हिस्सों में बारिश

असम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी है। इसी बीच 18 और 19 मार्च को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में मौसम फिर से बिगड़ सकता है। पूर्वी और मध्य भारत के राज्यों में भी गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में सोमवार को तेज हवाओं और बारिश की तीव्रता सबसे अधिक रहने का अनुमान है। अगले कुछ दिन देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलता नजर आएगा.

**नई दिल्ली, 15 मार्च. गर्मियों की झुलसाती धूप से राहत मिलने के संकेत सामने आए हैं. मौसम विभाग ने 15 से 19 मार्च तक कई राज्यों में बारिश, गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है.**

अगले चार-पाँच दिन देश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और तापमान में भी गिरावट आ सकती है. पूर्वोत्तर भारत से लेकर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और पूर्वी-मध्य भारत तक बारिश के साथ तेज हवाओं और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है.

वहीं, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गरज-चमक के साथ तेज हवाओं और ओलावृष्टि के आसार हैं. इसी क्षेत्र में 18 मार्च से मौसम फिर बिगड़ सकता है. उत्तराखंड में बिजली गिरने और 30-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी बारिश हो सकती है. उत्तर प्रदेश में 15 और 16 मार्च को, पश्चिमी राजस्थान में 15, 18 और 19 मार्च को, पूर्वी राजस्थान में 18 और 19 मार्च को गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का अनुमान है.

## अब सीबीएसई परीक्षार्थियों का अब होगा ऑनलाइन मूल्यांकन

**मैनपुरी.** सीबीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों की कापियों का मूल्यांकन अब ऑन स्क्रीन होगा, जिससे नम्बरों में गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी.साथ ही दसवीं कक्षा की परीक्षा दो बार देने की व्यवस्था लागू कर बच्चों को बेहतर अंक प्राप्त करने का एक और मौका दिया है.सीबीएसई बोर्ड के क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर डॉ राममोहन ने मैनपुरी में बताया कि बोर्ड ने इस वर्ष से क्लास 12 के विद्यार्थियों के बहुत बड़ा कदम उठाया है.देश मे पहली बार किसी भी बोर्ड की परीक्षाओं का मूल्यांकन ओएसएम पद्धति से होगा.

# फाउंडेशन ने डॉक्टरों को दिए लाखों के पुरस्कार

## सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा की प्रगति में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 15 मार्च. सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन ने मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स के तीसरे संस्करण में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में नीति आयोग के सदस्य विनोद के. पॉल समेत छह डॉक्टरों को कुल 90 लाख रुपये के पुरस्कार प्रदान किये.**

स्वर्गीय सीताराम जयपुरिया की जन्म शताब्दी पर उनकी स्मृति में स्थापित ये पुरस्कार उन पेशेवरों को दिए जाते हैं जिन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान, क्लिनिकल प्रैक्टिस, गांवों में स्वास्थ्य सेवा देने, सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा की प्रगति में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो. 3पुरस्कार समारोह का आयोजन यहां एसजेएफ साइंटिफिक सिम्पोसियम और अवॉर्ड्स प्रोग्राम के तहत किया गया.सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन के अध्यक्ष और कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अशोक जयपुरिया ने अपने पिता सीताराम जयपुरिया को याद किया और कहा कि आज जिन डॉक्टरों को यहां सम्मानित किया जा रहा है.

उन्होंने अपना जीवन, चिकित्सा सुविधाओं और असंख्य लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए समर्पित कर दिया है. उनकी प्रतिबद्धता, सहानुभूति और उत्कृष्टता सही मायनों में चिकित्सा के पेशे की महानता की पुष्टि करती है. नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर डॉ. पॉल को 50 लाख रुपये का एक्सीलेन्स इन मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड प्रदान किया गया. एमर्जिंग यंग लीडर इन मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड ( 10 लाख रुपये ) पीजीएमईआर, चंडीगढ़ के डॉ. सहजल धुरिया को दिया गया. एक्सेम्पलेरी लीडरशिप इन रूरल मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड ( 10 लाख रुपये ) संयुक्त रूप से महाराष्ट्र के महाड़ स्थित बावस्कर हॉस्पिटल एंड क्लिनिकल रीसर्च सेंटर में चिकित्सा निदेशक डॉ हिम्मतराव सलुबा बावस्कर और नारायणगांव स्थित विघ्नहर नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. सदानंद राउत के दिया गया.

# न्यायिक व्यवस्था को अस्पतालों की तरह काम करना चाहिए : सीजेआई



**शिमला, 15 मार्च.** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह काम करना चाहिए, जहाँ लोग उम्मीद लेकर आते हैं क्योंकि जिस तरह मरीज़ इलाज और देखभाल की उम्मीद में अस्पतालों में जाते हैं, उसी तरह लोग राहत और न्याय की उम्मीद लेकर अदालतों का रुख करते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में रविवार को 152 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मंडी न्यायिक न्यायालय परिसर की आधारशिला रखने के बाद यह बात कही। यह आधुनिक न्यायिक परिसर 9.6 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा और इसमें चार खंड होंगे। इसका उद्देश्य न्यायाधीशों, वकीलों और आम जनता के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है. उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में वृद्धि के साथ-साथ न्यायपालिका की जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। मंडी को व्यापक रूप से छोटी काशी के नाम से जाना जाता है.

### आज का इतिहास

1527- बाबर ने खानवा के युद्ध में राणा सांगा को हराया।

1693- इंदौर के होल्कर वंश का प्रवर्तक मल्हारराव होल्कर का जन्म हुआ।

1751- अमेरिका के चौथे राष्ट्रपति जेम्स मैडिसन का वर्जीनिया में जन्म हुआ।

1799- मशहूर फोटोग्राफर एना एटकिन्स का जन्म हुआ। उन्होंने पहली ऐसी किताब पब्लिश की थी, जिसमें कैमरे से ली गई फोटो का इस्तेमाल किया गया था।

1846-प्रथम अंग्रेज-सिख युद्ध के बाद अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर हुए.

1901-भारत के स्वतंत्रता सेनानी और अमरजीवी पी. श्रीरामुलु का जन्म हुआ.

# नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 की मौत



**काठमांडू, 15 मार्च। नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया.**

मध्य नेपाल में हुई इस घटना में सात भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया गया. मिली जानकारी के अनुसार बस भारतीय श्रद्धालुओं को लेकर प्रसिद्ध धार्मिक स्थल से लौट रही थी। इसी दौरान गोरखा जिले में बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में गिर गई. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इस दुर्घटना में मरने वालों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी मृतक भारतीय नागरिक बताए जा रहे हैं.

## श्रीलंका में आपूर्ति बाधाओं के बीच अनिवार्य क्यूआर कोड व्यवस्था लागू

**कोलंबो, 15 मार्च.** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है.

ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है.मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है.अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा.

# खरगे-प्रियंका ने कांशीराम को जयंती पर किया नमन





**नयी दिल्ली, 15 मार्च. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सामाजिक समानता आंदोलन के नायक मान्यवर कांशीराम की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया.**

खरगे ने अपने संदेश में लिखा महान समाज सुधारक मान्यवर कांशीराम जी ने दलित, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को संगठित कर उन्हें भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया. सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा. उनकी जयंती पर हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. वाड्रा ने कहा सामाजिक न्याय की विचारधारा के नायक एवं दलित, वंचित, शोषित तबकों की प्रखर आवाज श्री कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन. कांशीराम जी ने अपने विचारों और आंदोलनों के माध्यम से समानता और न्याय के संवैधानिक सिद्धांतों को नई ऊंचाई दी.

### केजरीवाल ने कांशीराम को बताया सामाजिक न्याय का सेनानी

**नई दिल्ली.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सामाजिक न्याय के प्रखर नेता काशी राम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कांशीराम को नमन किया और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि सामाजिक न्याय के महान सेनानी मान्यवर कांशीराम का जीवन समाज के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत रहा है। केजरीवाल ने कहा कि उनके विचार और संघर्ष आज भी लाखों लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं.

## सिलेंडर विस्फोट में दो बच्चों की मौत, 7 घायल

**चेन्नई.** तमिलनाडु में चेन्नई के उपनगरीय नवलूर में एक दुखद घटना में, सिलेंडर विस्फोट में दो बच्चों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हैं.इस विस्फोट के कारण घर भी ढह गया है.पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान कृषिका (4) और उसके 18 महीने के शिशु भाई धीरन के रूप में हुई है.विस्फोट का कारण खाना पकाने के गैस सिलेंडर से रिसाव बताया जा रहा है, जिससे आग लग गई और पूरा घर आग की चपेट में आ गया, जिसमें पूरा परिवार फंस गया. विस्फोट इतना जोरदार था कि इससे दीवार गिर गई और आग आसपास के घरों में फैल गई.इसके बाद यह घर विस्फोट से पूरी तरह से ध्वस्त हो गया.

# युवाओं के सपने हो रहे साकार : भजनलाल



**जयपुर, 15 मार्च . राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए फिट इंडिया अभियान ने देशवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है.**

श्री शर्मा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को जयपुर में अमर जवान ज्योति से विकसित राजस्थान रन-2026 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहकर प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें जिससे प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके।

शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासी एक कदम आगे ब?ेंगे, तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नियमित दौड़ लगाना स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। दिन की शुरुआत दौ? के साथ करने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहती है, स्वास्थ्य ठीक रहता है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर में आयोजित विकसित राजस्थान रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष से राजस्थान दिवस को तिथि अनुसार मनाने की नई परंपरा शुरू की है.

## बैंक धोखाधड़ी के 24 साल पुराने मामले में आहूजा को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 24 साल पुराने एक बैंक धोखाधड़ी मामले में घोषित भगोड़े अपराधी हरपाल सिंह आहूजा को गिरफ्तार किया है. सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि एजेंसी ने 2001 में यह मामला दर्ज किया था और जाँच पूरी होने के बाद 2003 में आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था. इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता आहूजा, 2014 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान फरार हो गया था. उसी साल गाजियाबाद की एक विशेष अदालत ने उसे भगौड़ा घोषित कर दिया था. वर्ष 2017 में अदालत ने उसके खिलाफ अनिश्चतकालीन गैर जमानती वारंट भी

### स्मृति समारोह

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा, मेरे दादा गुरु की जन्मभूमि भी यही धरती है

# चित्तौड़गढ़ दुर्ग नहीं, भारत की अस्मिता का प्रतीक : योगी



**चित्तौड़गढ़, 15 मार्च. उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग केवल पत्थरों का नहीं है, बल्कि यह भारत की अस्मिता का प्रतीक है, जो हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है.**

योगी रविवार को राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में आयोजित जौहर स्मृति समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए वह जो भी कार्य कर रहे हैं, वह इसी वीर वीरांगनाओं की भूमि चित्तौड़गढ़ की धरती से मिली प्रेरणा से कर पा रहे हैं. श्री योगी ने कहा, मेरे दादा गुरु की जन्मभूमि भी यही धरती है। यह धरती और यह दुर्ग भारतीय नारी के शौर्य, अस्मिता एवं सम्मान का प्रतीक है, जो महारानी पदमिनी ने हमें विरासत में सौंपी है। उन्होंने कहा कि महाराजा रतनसिंह, गोरा और बादल जब मुगल आक्रांता अलाउद्दीन खिलजी से लड़ते हुए राष्ट्र एवं धर्म रक्षा के लिए वीरगति को प्राप्त हो गये थे.

### आस्था पर न की जाए टिप्पणी अपराधी प्रतिबंधित हो : योगी

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न को लेकर उठा विवाद तूल पकड़ रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस पर टिप्पणी की है। उन्होंने सभी भर्ती बोर्ड के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ, संप्रदाय की मर्यादा एवं आस्था के विषय में अमर्यादित टिप्पणी न की जाए.

### गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रो को प्रतिबंधित करने की जरुरत : योगी

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (यूपी एसआई) भर्ती परीक्षा में हिंदी अनुभाग के एक प्रश्न के पूछे जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है .मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन्स से कहा है कि सभी पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देश दें कि हैबिचुअल ऑफेंडर्स (बार-बार गलती करने वाले) को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करें.

# केजरीवाल सुको पहुंचे, जज बदलने की अपील

## शराब घोटाला केस : सुप्रीम कोर्ट में आज हो सकती है सुनवाई

- मनीष सिसोदिया ने हाईकोर्ट के समन को किया चैलेंज

**नई दिल्ली, 15 मार्च. दिल्ली की कथित शराब नीति से जुड़े मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है.**

केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के लिए जज बदलने की अपील को लेकर सर्वोच्च अदालत में याचिका दायर की है। बताया जा रहा है कि इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार सुनवाई हो सकती है.





### दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी सुको पहुंचे

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। सिसोदिया ने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जारी समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली की कथित शराब नीति मामले में कानूनी लड़ाई अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में जज बदलने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल ने अपनी याचिका में मांग की है कि इस मामले की सुनवाई किसी अन्य जज की बेंच के सामने कराई जाए.

## बादशाह को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिली धमकी

**नई दिल्ली.** पिछले कुछ समय से कई सेलेब्स को धमकियां मिल रही हैं। अब खबर आ रही है कि इंडियन रैपर और सिंगर बादशाह को जान से मारने की धमकी मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह धमकी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से मिली है और फोन कॉल के जरिए धमकी मिली है। फेसबुक पर एक पोस्ट वायरल हो रहा है। रंदीप मलिक अनिल पंडित नाम का अकाउंट है जिसमें यह दावा किया गया है कि वो बिश्नोई गैंग से हैं। इसी पोस्ट में सिंगर को धमकी दी गई है। उसी पोस्ट में बिश्नोई गैंग ने गैरी और शैंकी के पानीपत ऑफिस में शटिंग की जिम्मेदारी भी ली। शूटिंग के पीछे की वजह बताते हुए उस पोस्ट में दावा किया गया कि वो हवाला में शामिल थे.